तापमान

अधिकतम 22.9 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,23 दिसंबर 2023



14 उपनिषद् और उपनिषदों का सार है श्रीमद्भगवद गीता





14 गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर बिफरे किसान




## खबर संक्षेप

### महान लोगों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में गुरु गोविंद सिंह की जयंती और विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जयंती मनाई गई। इन्हें स्कूल के प्रबन्धक जसवीर ग्वालडा, मेहताब मलिक, प्राचार्य सत्यवान मलिक, आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त समेत टीचर्स व विद्यार्थियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### बाल दिवस प्रतियोगिता में एसडीवीएम के छात्र छाए

**पानीपत।** एसडी विद्या मंदिर हुडा की प्रधानाचार्या डा. अनु गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा के इशप्रीत सिंह ने एकल गीत प्रथम, बारहवीं कक्षा के याशिर खान ने ऑन द स्पॉट स्केचिंग में दूसरा व बारहवीं कक्षा की अचिंत कौर ने रंगोली बनाने में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### यूपी प्रवासी ने फंदा लगाकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत की जगजीवन राम कॉलोनी निवासी राजकुमार मूल निवासी झांसी, उत्तर प्रदेश ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगा लिया। पुलिस की मौजूदगी में युवक को फंदे से नीचे उतारा गया। मौके से सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव सिविल अस्पताल भिजवाया गया। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** पुलिस की सीआईए वन की टीम ने गांव पावटी स्कूल के पास बाइक सवार नशा तस्कर सोनीपत के गांव गढ़ी झिंझार निवासी काला पुत्र महासिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 230 ग्राम चरस बरामद हुई है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि कोर्ट में पेश कर मामले के पूरे खुलासे के लिए लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### बाइक सवार युवकों ने महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** शहर के वर्कशॉप रोड पर गाबा पैलेस के नजदीक बाइक सवार युवकों ने एक महिला से उसका पर्स झपट लिया। पर्स में दो हजार रुपये, मोबाइल व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।





# हरियाणवी गीतों एवं रागनियों से सराबोर हो रहा गीता महोत्सव

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जोगिया पार्टी लोक पारम्परिक रागनियों के माध्यम से दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही**

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा के लोकगीतों एवं रागनियों से दर्शकों को सरोबार किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में स्थापित हरियाणा पैवेलियन ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अपनी विशेष पहचान बनाई है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया निदेशक युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग ने बताया कि हरियाणा पवेलियन हरियाणा के दर्शकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां पर सुबह ही दर्शकों का तांता लगना शुरू हो जाता है। शाम को 6 बजे तक दर्शकों की पूरी भीड़ देखने को मिलती है। हिसार से पहुंचा कमलेश मोर ग्रुप हरियाणवी संस्कृति की छटा को निखारने में गीतों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत सभी संस्कारों के गीत गाकर महिलाएं युवा पीढ़ी को जागरूक कर रही है। हरियाणवी महिलाएं इन गीतों के अतिरिक्त पर्यावरण के गीत, विवाह के गीत, सांझी के गीत तथा किसानी संस्कृति से जुड़े हुए गीतों के माध्यम से दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवा रही है।

डॉ. पूनिया ने बताया कि हरिकेश की जोगिया पार्टी भी आल्हा, उदल के किस्सों के साथ-साथ हीर-रांझा के किस्से तथा फुटकर रागनियां गाकर युवाओं को लोक संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने बताया कि विकास सातरोड ने ओढणा सिमवाले तेरा पल्ला लटकै रागनी गाकर सबका मन मोह लिया। उधर बाबा धूणीनाथ अपनी लोक पारम्पकिर रागनियों के माध्यम से सबको अभिभूत कर रहे हैं।



### राजस्थानी हींग की खुशबू बिखर रहे



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर राजस्थानी हींग के साथ-साथ अन्य उत्पाद राजस्थान की खुशबू को बिखेर रहे हैं। इस खुशबू को बिखरने में जयपुर निवासी गोविंद शर्मा और उनके भाई मंगेश शर्मा का बहुत योगदान है जो कि ब्रह्म सरोवर तट पर 329 नंबर स्टॉल पर राजस्थान की हींग के साथ-साथ अन्य उत्पाद बेच रहे हैं। गोविंद शर्मा ने बताया कि वह जयपुर के रहने वाले हैं और उनके पिताजी भी हींग व अन्य जड़ी बूटियां से संबंधित बने उत्पादों का काम करते आए हैं। उनकी राजस्थानी हींग बहुत ही प्रसिद्ध है जो की बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने बताया कि यह हींग जंगल में पाए जाने वाली हट्टा हींग को पीसकर बनाई गई है। आजकल मार्केट में बहुत सारी नकली हींग बिक रही है लेकिन वह बिल्कुल शुद्ध हींग बेचते हैं। जो की खाने में जायके को तो बढ़ाती ही है यही नहीं यह सेहत के लिए भी अच्छी होती है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ वे पहाड़ी अदरक जिस पर मीठा चढ़ाकर उसे तैयार किया जाता है यह खांसी और पाचन क्रिया में बहुत कम आती है, मद्रासी मेथी जिसे हरड़,बहेड़ा, आंवला, पी, अर्जुन की छाल और कौंच के बीज को पीसकर इन्हें मेथी के ऊपर चढ़ाकर बनाया जाता है। यह सुबह खाली पेट ली जाती है जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

### पर्यटकों को कश्मीरी खान-पान से रूबरू करा रहा समूह

गीता महोत्सव 2023 में अनेक प्रकार की कला, संस्कृति और खानपान की प्रदर्शनी से ब्रह्म सरोवर का पावन तट पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कश्मीर से गीता महोत्सव पहुंचा गुलिस्तान स्वयं सहायता समूह भी अपने स्टॉल के माध्यम से पर्यटकों को कश्मीरी खानपान से रूबरू करवा रहा है। कश्मीर के बारामुल्ला जिला से आए तारिक अहमद ने बातचीत के दौरान बताया कि स्टॉल नंबर 380 पर वह कश्मीर की खास-खास खाने-पीने की वस्तुएं स्थानीय लोगों के लिए लेकर पहुंचे हैं। कश्मीर में उत्पन्न होने वाले खास किस्म के काले राजमा, 350 रुपए प्रति ग्राम कीमत वाला शुद्ध केसर, खांसी-जुखाम जैसी समस्याओं में आराम देने वाला कश्मीरी काहवा गुलिस्तान स्वयं सहायता समूह के स्टॉल पर पर्यटकों के लिए चर्चा का विषय बन हुए हैं। इसके अलावा अखरोट,बादाम, खुरमानी, खजूर, ब्लूबेरी,ब्लैकबेरी इत्यादि जैसे मेवे भी इनके पास उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि गुलिस्तान स्वयं सहायता समूह इस समय 10 लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है। यह अपने उत्पाद लेकर 2011 से लगातार गीता महोत्सव में भाग ले रहे है और कुरुक्षेत्र के लोगों द्वारा उनके उत्पादों को हमेशा से ही खूब पसंद किया जा रहा है। गीता महोत्सव के अलावा तारिक पटियाला के शीश महल, दिल्ली के प्रगति मैदान, लुधियाना और अन्य जगह आयोजित किए जाने वाले महोत्सवों और ट्रेड फेयर में भी कश्मीर की धरती पर उत्पन्न होने वाले खाद्य पदार्थ प्रदर्शित करते आए है।



### असम की संस्कृति से रूबरू करवा रहे सुजित बड़ूआ

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में ब्रह्म सरोवर का पावन तट अनेक प्रदेशों की कला और संस्कृति से सुसज्जित है। असम सरकार और हरियाणा सरकार के संयुक्त प्रयास से असम पैवेलियन बनाया गया है जहां पर असम की कला, संस्कृति और खानपान को स्थानीय लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। ऐसे ही असम की प्राचीन लोक कला, मास्क आर्ट को कुरुक्षेत्र में प्रदर्शित कर रहे हैं सुजित बड़ूआ। असम के शिक्षागढ़ जिले से आए सुजित बड़ूआ ने बातचीत के दौरान बताया कि असम की यह लोक कला 15वीं सदी में महापुरुष श्रीमंत संकरदेव द्वारा आरंभ की गई थीं और यह उनका पुश्तैनी काम है। लगभग 600 साल पुरानी इस कला में पौराणिक कथाएं जैसे रामायण,महाभारत पुराणों इत्यादि और खास तौर पर रामायण से जुड़े पात्रों के मुखौटे बनाए जाते हैं। उस समय इन पात्रों को दर्शाना कठिन था इसलिए यह मुखौटे बनाने शुरू किए गए थे। इस मुखौटे में सबसे पहले बांस का ढांचा तैयार किया जाता है जिसके बाद मिट्टी और गोबर के मिश्रण को सूती कपड़े के साथ मिलाकर मुखौटे को आकार दिया जाता है। इसके बाद इसे सुखाकर इस पर रंगों से पात्र का चेहरा बनाया जाता है।



### रॉक सॉल्ट आर्ट जैसी नूतन कलाओं को मंच देता महोत्सव

दिसंबर ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में कई प्रकार की नूतन कलाकृतियों ने सभी पर्यटकों का मन मोह लिया है। ऐसी ही एक अद्भुत कला, रॉक सॉल्ट आर्ट को स्टॉल न. 349 पर प्रदर्शित किया गया है। रॉक सॉल्ट आर्ट इंडिया से मनीष ने बातचीत के दौरान बताया कि रॉक सॉल्ट की ये कलाकृतियां सजावट के साथ साथ वैज्ञानिक महत्त्व भी रखती हैं। इनमें लगी लाइट से जो गर्म तरंगें निकलती हैं, वे रॉक सॉल्ट के साथ मिलकर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करती है। शंख, ग्लोब, पिरामिड और फायर बोल जैसी विभिन्न आकार वाली कलाकृतियां विदेश से आयात की जाती है और इनकी कीमत इनके वजन पर निर्भर करती है। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए मनीष ने बताया कि उनके पास 1 किलो से लेकर 10 किलो तक की कलाकृतियां हैं जिनकी कीमत 200 रुपए से लेकर लगभग 2 हजार रुपए है। इन कलाकृतियों को बनाने के लिए सेंधा नमक का खनन किया जाता है और बड़े पत्थरों को तराश कर मनचाहा आकार दिया जाता है। मनीष ने बताया कि इसके अलावा उनका गोधन पूजन स्टोर के नाम से धूप, अगरबत्ती और अन्य सामग्री का व्यापार भी है। रॉक सॉल्ट आर्ट का व्यापार मुख्य रूप से अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म के तहत होता है। इस वर्ष वह रॉक सॉल्ट आर्ट को लोगो तक पहुंचाने का उद्देश्य लेकर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए है।




## घरेलू गैस की कालाबाजारी के आरोप में दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

घरेलू गैस की कालाबाजारी करने के आरोप में पुलिस ने शांति कॉलोनी निवासी दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खाद्य आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक सोनू सिंह ने बताया कि वीरवार शाम उन्हें सूचना मिली थी कि चिट्टा मंदिर रोड शांति कॉलोनी में नीरज उर्फ जोनी व नीरज द्वारा घरेलू गैस सिलिंडरों में से बांसुरी की मदद से छोटे सिलिंडरों में गैस भरने का अवैध कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वह टीम ने साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान टीम को नीरज उर्फ जोनी की क्रोकरी शॉम से तीन भरे हुए घरेलु गैस सिलेंडर, दो खाली सिलेंडर, एक कांटा मशीन और एक बांसुरी बरामद हुई। वहीं नीरज के घर से चार भरे सिलेंडर, तीन खाली सिलेंडर, 2 गैस कनैक्शन कॉपी, एक कांटा मशीन व एक बांसुरी मशीन मिली।

जांच मे पता चला कि दोनों युवक घरेलु गैस सिलेंडरो से छोटे सिलेंडरो मे गैस भरकर गैस की कालाबाजारी कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदातल में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की विशेष अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों निशाबर सिंह उर्फ गोल्डी वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को 1 साल कठोर कारावास व 5 हजार जुर्माने तथा अन्य मामले में गुरदीप वासी संघोई जिला करनाल हाल किरायेदार पीपली जिला कुरुक्षेत्र को 3 साल कठोर कारावास व 10 हजारे जुर्मानें की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 21 अप्रैल 2018 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक प्रेमचन्द की टीम ने शक की बिनाह पर बराडा की तरफ पुल के नीचे खड़े निशाबर सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र बलबीर सिंह वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके चेक करने व उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से नशीला पदार्थ चूरापोस्त बरामद हुआ था, जिसका वजन करने 1 किलो 500 ग्राम हुआ था।अन्य मामले में जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 7 दिसम्बर 2017 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 के उप निरीक्षक अशवनी कुमार की टीम ने सैक्टर-5 कुरुक्षेत्र की ओर से मोटरसाईकिल पर सवार होकर गुरदीप पुत्र प्रीतम सिंह वासी संघोई जिला करनाल हाल किरायेदार पीपली जिला कुरुक्षेत्र को रुकने का ईशारा करके काबू किया व बाइक सहित उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से चूरापोस्त बरामद हुआ, जिसका वजन करने पर 05 किलोग्राम हुआ।

### आरोपी को सुनाई कठोर कारावास की सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की विशेष अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी कुमार वासी असरफगढ जिला जीन्द को 5 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 28 सितम्बर 2017 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने सुरेश कुमार पुत्र सुरता राम वासी असरफगढ थाना सदर जीन्द जिला जीन्द को रुकने का ईशारा करके काबू किया व कार सहित उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसका वजन करने पर 10 किलो 500 ग्राम हुआ। मामले में जांच पूरी होने के पश्चात पुलिस ने मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की विशेष अदालत न्यायाधीश अमरिन्द्र शर्मा की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी सुरेश कुमार को सजा सुनाई है।

## 2.700 किलो अफीम के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

**अंबाला।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने ट्रक ड्राइवर को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी ट्रक ड्राइवर सुनील शर्मा अंबाला के गांव गधौली का रहने वाला है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि आरोपी ट्रक का मालिक है। आरोपी पिछले लंबे समय से नशे के धंधे में संलिप्त था। जो झारखंड से भारी मात्रा में अफीम खरीद अंबाला के नारायणगढ़ एरिया में अलग-अलग लोगों को सप्लाई करता था। एसपी ने बताया कि जांच टीम 20-21 दिसंबर की रात को लौटों चुंगी चौक पर गश्त पर तैनात थी। इस बीच सूचना मिली कि गांव गधौली का सुनील अपने ट्रक में अफीम लाकर बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने मौके पर ही ट्रक को रोक लिया। इस दौरान डीएसपी आदर्शदीप सिंह की उपस्थिति में आरोपी सुनील शर्मा की तलाशी ली।आरोपी की जेब से कोई आपत्तिजनक चीज प्राप्त नहीं हुई। उसके पश्चात पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। इस दौरान ड्राइवर की सीट के नीचे से लिफाफा मिला जिसमें 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद हुई।

**ठंड से बचाव** | रैन बसेरो में गर्म बिस्तरों समेत अन्य सुविधाएं करवाई मुहैया

## सर्द रातों में बेसहारों के लिए सहारा बन रहे हैं रैन बसेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्दी की ठंडी रातों में कोई भी फुटपॉथ व खुले आसमान के नीचे ठंड की ठिठुरन में ना ठिठुरे, इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर के चार स्थानों पर रैन बसेरो का शुभारंभ कर दिया गया है। खास बात यह है कि रैन बसेरो में नगर निगम प्रशासन की ओर से गर्म बिस्तरें उपलब्ध करवाए गए हैं। शहर में बनाए गए चार रैन बसेरो में करीब दो सौ लोगों के रात में रहने की व्यवस्था की गई है।



यमुनानगर में बेसहारों के लिए बनाया गए स्थाई रैन बसेरा।

### इन स्थानों पर बनाए रैन बसेरे

नगर निगम द्वारा शहर के संत निरंकारी भवन के सामने स्थित सुलभ शौचालय के ऊपर, जगाधरी वर्कशॉप मार्ग पर यमुनानगर बस स्टैंड के नजदीक, जगाधरी बस स्टैंड के नजदीक सुलभ शौचालय के ऊपर बिल्डिंग में व रेलवे स्टेशन के नजदीक महाराजा अग्रसेन चौक के पास रिक्शा स्टैंड के पास स्थाई रुप से रैन बसेरे बनाए हुए हैं। जिन्हें करीब सप्ताह भर पहले खोल दिया गया है। वहीं, शहर की जमना गली स्थित धर्मशाला में एक अस्थाई रैन बसेरा बनाया गया है। नगर निगम के सूत्रों की मानें तो शहर में बने रैन बसेरो में करीब दो सौ व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

### खुले आसमान के नीचे सोने वाले को भेजे रैन बसेरे में

नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने बताया कि शहर में बनाए गए रैन बसेरे ठंडी रातों में बेसहारों के लिए बसेरा बन रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से खुले आसमान के नीचे यदि कोई रात को सोता हुआ मिले उसे रैन बसेरों में भेजे जाने की अपील की।

## सिविल अस्पताल में उपचाराधीन घायल को जबरन निजी अस्पताल में भर्ती किया

### बिल नहीं देने पर घायल को बंधक बनाया

- एक रात में 50 हजार का बिल बनाया, डॉक्टर समेत तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की बरसत रोड स्थित आधार अस्पताल के मालिक डॉ विशाल मलिक व इसके दो एजेंटों पर आईपीसी की धारा 387, 342, 120इ, 34 के तहत केस दर्ज किया है। डॉ विशाल मलिक व इसके दो एजेंटों पर सिविल अस्पताल में हादसे में घायल मोहित निवासी गांव जागसी जिला सोनीपत को जबरन अपने आधार अस्पताल ले जाने, उपचार के नाम पर एक ही रात में 50 हजार रूपये का बिल बनाने, बिल का भुगतान नहीं होने पर घायल मोहित को बंधक बनाने का आरोप है। डॉ विशाल मलिक व इसके दो एजेंटों के खिलाफ घायल मोहित के सुसर राजेंद्र निवासी गांव काबडी ने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को शिकायत दी थी। डीसी के आदेश पर पुलिस ने जांच कर केस दर्ज किया है। राजेंद्र ने बताया कि 19 दिसंबर को उसका दामाद मोहित गांव मतलौडा के पास हादसे में घायल हो गया था, मोहित को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, यहां देर रात दो लोग मोहित को जबरन एंबुलेंस में सवार कर उपचार के लिए आधार अस्पताल ले गए थे। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### इंडिया गठबंधन प्रदेश में रैलियां करेगा : मराठा

**करनाल।** करनाल लोकसभा क्षेत्र से एनसीपी की मजबूत दावेदारी हैं। एनसीपी ने हरियाणा में केवल करनाल को ही अपने लिए चिन्हित किया हैं। इसके अलावा आने वाले समय में हरियाणा में इंडिया गठबंधन की संयुक्त सभाएं होंगी। यह जानकारी एनसीपी के प्रदेश प्रमुख विरेंद्र मराठा ने दी। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीपी ने उन्हें लोकसभा का चुनाव करनाल से लडने के लिए कह दिया हैं। वह भाजपा को यहां से पराजित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एनसीपी ने बूथ स्तर तक संगठन को खड़ा कर दिया है।

### गीता जयंती पर आध्यात्मिक कार्यक्रम 24 को

**घरौंडा।** गीता जयंती महोत्सव को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नई अनाज मंडी में 24 दिसम्बर को किया जाएगा। विश्वविद्यालय की संचालिका रेनू बहन ने बताया कि 24 दिसम्बर को नई अनाज मंडी में गीता जयंती महोत्सव को लेकर एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें विधायक हरविंदर कल्याण मुख्य रुप से शिरकत करेंगे। इसी के साथ कार्यक्रम में कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी नीतू राठौर व लिबर्टी के एमडी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### डीएवी स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**करनाल।** आज हरियाणा पुलिस अकादमी स्थित बाछेर स्टेडियम में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन के वार्षिक एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट पुलिस मेडल से सम्मानित आई पी एस डॉ. राजश्री सिंह पुलिस महानिदेशक ट्रैफिक एंड हाईवे हरियाणा पुलिस रही। इसी के साथ श्री सुरेंद्र बेनीवाल डी डी ए श्रीमती अनीता मान डी डी ए, और विभिन्न डी ए वी स्कूलों के प्रिंसिपल्स ने भी पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## इंद्री के गांव खेड़ा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# पात्रों को घर-द्वार पर ही मिल रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा देश : विधायक कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री ।** गांव खेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्टॉलों का निरीक्षण करते विधायक रामकुमार कश्यप । *फोटो :हरिभूमि*

इंद्री के गांव खेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य बहुआयामी है और जहां-जहां यात्रा से संबंधित कार्यक्रम हो रहा है वहां पर पात्र लाभार्थियों को उनके घर-द्वार पर ही सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस यात्रा में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब व पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचकर सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करेगी। देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता के सहयोग से देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आजादी हासिल करने के लिए सभी देशवासी एकजुट हो गए थे, ठीक उसी प्रकार से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों की संख्या में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी एवं नेक सोच के चलते महिलाओं को पंचायती राज चुनावों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्रदान की है, जिसकी वजह से प्रदेश में जिला परिषद से लेकर पंच पद तक पर आसीन है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की उन्नति में अपना विशेष योगदान दें, क्योंकि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। युवा वर्ग को अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। इस दौरान उन्होने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण किया।

### संकल्प यात्रा का रांवर में स्वागत

**घरौंडा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज घरौंडा हलके के गांव रांवर पहुंची। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार और वर्तमान भाजपा सरकार की कार्यशैली के अंतर को समझें। वर्ष 2014 से पहले प्रतिदिन नए घोटाले सुनने को मिलते थे और इन घोटालों का पैसा चंद लोगों की जेब में जाता था लेकिन श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटाले पर रोक लगी है और पूरा पैसा अब विकास कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार दें और उन्हें नशाखोरी से बचाये तथा लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। सरपंच नरेंद्र गुप्ता ने विधायक का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। भाजपा नेता राजबीर शर्मा ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि श्री मोदी की गारंटी वाली इस गाड़ी का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करना है। यह सपना तभी फलीभूत होगा जब हर व्यक्ति ईमानदारी से कर्तव्य का निर्वहन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के लिए पहला ट्रेनिंग सेंटर घरौंडा में मंजूर किया गया है। हलके के कुटेल गांव में मेडिकल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। यमुना बेल्ट में सड़कों की कायापलट की गई है। चैपालों, सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया गया है। एक दर्जन से अधिक स्कूलों को क्रमोन्नत किया गया है । इतना ही घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिया गया है।

**विद्यार्थी सम्मानित-** इस अवसर पर विधायक ने मेधावी विद्यार्थी राधिका निधि, हेमा, अंकुश, कृतिका, वंश, परी, रियांश, आनंद, अक्षित, भावना, देव, उपासना, कुणाल और नीतिका को सम्मानित किया। ओडीएफ प्लस व मॉडल ग्राम पंचायत बनने पर सरपंच को अभिनंदन पत्र सौंपा गया। इनके अलावा इस गांव की लड़की मीना और रेखा जो दूसरे गांव में सरपंच चुनी गई है वह भी श्री कल्याण की ओर से सम्मानित किया गया। जिला परिषद के उपाध्यक्ष धीरज खरकाली ने भी विचार रखे।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर बीडीपीओ आस्था गर्ग, सरपंच नरेंद्र गुप्ता, एसईपीओ सत्यवान इंदौरा, जिला परिषद सदस्य धीरज खरकाली, सुभाष शर्मा, रिन्कू चीमा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ता रोष व्यक्त करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

■ लोकतंत्र की हत्या करने का काम कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

संसद की सुरक्षा में सेंध का मुद्दा उठाने पर दोनों सदनों से 146 सांसदों के निलंबन के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्षता जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक लहरी सिंह ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व विधायक शमशेर गोगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या करने का काम कर रही है। संसद की सुरक्षा में चूक बहुत बड़ा मामला है। जब विपक्षी सांसदों ने इस संबंध में संसद में सवाल उठाए तो उनका निलंबन कर दिया। लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी पंचायत को गैर कानूनी तारीके से चलाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार के इन प्रयासों के खिलाफ आंदोलन जारी रखेगी। विपक्षी सांसद जनहित की आवाज उठाते रहेंगे। संसद में नहीं बोलने दिया जाएगा तो सडक़ों पर आकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। प्रदर्शन में एनसीपी नेता वीरेंद्र मराठा व कार्यकर्ता तथा सीपीएम पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमिता सिंह, राजकुमार वाल्मीकि, नरेंद्र सांगवान, राकेश कांबोज, पूर्व रिसाल सिंह, पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर जयपाल मान, जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, महिला प्रधान डा. नवजोत कश्यप, अनिल राणा, रघबीर संधु, पीसीसी सदस्य राजेश वैध, पीसीसी सदस्य इंद्रजीत गोराया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना, सागर चंदेल, ललित बुटाना, महिला प्रधान उषा तुली, युवा प्रधान मनिंद्र शंटी, राजिंद्र बल्ला, नाहर सिंह संधु, जोगिंद्र चौहान, सुनील पंवर, राजेश चौधरी, जय कुमार पुरी, ओमकाश सलूजा, कांग्रेस नेत्री रानी कांबोज, जोगिंद्र वाल्मीकि, हरीराम साबा, पप्पू लाठर, बजिंद्र खोखर, कर्म सिंह खानपुर व रत्न सिंह कलरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाधिभिषेक के साथ कलवेहड़ी में भंडारा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वालों के समाधिभिषेक के साथ कलवेहड़ी में भंडारा महोत्सव की शुरुआत हो गई! गद्दी नशीन वैद्य देवेंद्र बत्रा के सानिध्य में महोत्सव की शुरुआत हुई और बाबा जी का समाधिभिषेक किया गया। प्रातः मत्रोंचारण के साथ पंडित चेतन देव शर्मा, शेखर शर्मा , सच्चिदानंद बाबा का समाधिभिषेक कराया । शाम 5 बजे माता रानी की चौकी हुई ।जिसमें गौरव बत्रा, साबिया बत्रा व जैनिशा बत्रा मुख्य अतिथि रहे । मां भगवती की महिमा का गुणगान



अशोक एंड पार्टी तरावड़ी द्वारा किया गया । भारत भूषण काकू ने बताया कि 23 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक सुखमणि साहिब का पाठ होगा। 24 दिसंबर को सुबह हवन यज्ञ होगा।

## कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए जरूरी है सॉफ्ट स्किल

■ शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** सॉफ्ट स्किल विषय पर बातचीत करते हुए अधिकारी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए सॉफ्ट स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा. रंजन गुप्ता, छात्र कल्याण निदेशक, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तार अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी किसानों तक सरकारी योजनाओं को पंहुचाना, किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना एवं किसानों की समस्याओं का समाधान करना होती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वों किसानों को नई तकनीकों को अपनाने हेतू प्रेरित करें ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। संस्थान की प्रशिक्षण ईंचार्ज डा. जसविंद्र कौर ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है।

इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की प्रशंसा की। प्रशिक्षण संयोजक डा. अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, उश्रर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, एवं बिहार के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

### भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी आम आदमी पार्टी

**करनाल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील बिंदल ने कहा है कि भाजपा की मोदी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल हैं। भाजपा को सत्ता से बाहर करने में आम आदमी पार्टी बड़ी भूमिका निभा सकती है। इस के कारण भाजपा की सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रही हैं।

उन्होंने कहा कि आप के कार्यकर्ता सरकार के जुल्मों से डरने वाले नहीं हैं। आम आदमी पार्टी की पंजाब और दिल्ली सरकार ने विकास का नया माडल प्रस्तुत किया हैं। उन्होंने कहा कि जब अमरीका में बैलेट से चुनाव हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं।



### एनसीसी आर्मी कैडेट समीर कुमार ने रॉक क्लाइंबिंग में जीता गोल्ड मेडल

**करनाल।** एनसीसी निदेशालय, गुजरात, दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन द्वारा रॉक क्लाइंबिंग प्रशिक्षण शिविर, जूनागढ़ 2023 का आयोजन किया गया। प. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल के छात्र और एनसीसी आर्मी कैडेट समीर कुमार ने रॉक क्लाइंबिंग और आर्टिफिशियल दीवार क्लाइंबिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी जी ने समीर कुमार को शुभकामनाएं दीं एवं इसे महाविद्यालय के लिए गौरवशाली पल बताया। इस मौके पर पर डॉ. परवीन वत्स, डॉ. परवीन कौशिक एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. विजय कुमार उपस्थित रहे।

## 'डोनेट फॉर देश' संविधान की रक्षा करने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

डोनेट फॉर देश अभियान आज बीजेपी सरकार की तानाशाही व सभी सविधानिक संस्थानो पर कब्ज़ा कर लेने के खिलाफ कांग्रेस द्वारा देश हित में शुरू किया गया अभियान है उक्त विचार हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट प्रोफेसर राजेश वैध ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किये। प्रो वैध ने कहा कि आज देश में अघोषित इमरजेंसी का दौर है व लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर बीजेपी का कब्ज़ा है व बीजेपी ने विपक्ष के करीब 142 सांसदों का निलंबन कर दिया है जो



सविधान के विपरीत है। बीजेपी आज देश के सभी राजनैतिक दलों से सबसे अमीर पार्टी बन गई है ऐसे में सविधान की रक्षा करने के लिए सभी देशवासियो व कांग्रेसजनों से डोनेट फॉर देश अभियान से जुडऩे के लिए कम से कम 138 रूपये की राशि दान करने की अपील की है। डोनेट फॉर देश अभियान, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता है।

### सिक्ख मतदाता अपनी आपत्तियां 3 जनवरी तक जमा करवाएं

**घरौंडा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) घरौंडा अदिति ने बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां उप-मंडल अधिकारी (ना.) घरौण्डा व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी घरौण्डा के कार्यालय में 3 जनवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए (नियम 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जाएगा जिसकी अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024 है और उस व्यक्ति को वितरित किया जाएगा जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है।

## रोड़ समाज का महासम्मेलन आज

■ इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** जयंती को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रोड़ समाज एवं इनेलो नेता।

जगदगुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी के जन्मोत्सव पर इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से 23 दिसंबर को करनाल के काछवा रोड स्थित मेहता फार्म में रोड़ समाज महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव ऐलनाबाद के विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजन को लेकर शुक्रवार को इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयपाल पूनिया के करनाल शहर स्थित निवास पर प्रेसवार्ता हुई। इनेलो किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने बताया कि शनिवार सुबह नौ बजे हवन किया जाएगा। इसके बाद गुरुजी की महिमा का बखान किया जाएगा। दिन भर देसी घी का अटूट भंडारा चलाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक अभय चौटाला गुरुजी की शिक्षाओं को आत्मसात करने और सामाजिक एकता का संदेश देंगे। इस मौके पर पानीपत जिलाध्यक्ष डॉ. राजपाल, प्रदेश महासचिव रामकुमार ऐबला, कैथल जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह, सुरजीत पहलवान, यशवीर राणा, सूबे सिंह अहर, राजपाल प्यौंत, मेहर सिंह, आदि मौजूद रहे।

## आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी चौदह नामों से हिंदी की बगिया को सींचते थे : डॉ. रामपाल

■ अयोध्या नगरी का विलाप करते सांसारिक यात्रा पूरी कर गया कवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 85वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हिन्दी साहित्य शोध के प्रदेशाध्यक्ष हिन्दी प्रेमी शिक्षाविद व डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डा. रामपाल सैनी ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्य महावीर प्रशाद द्विवेदी जी चौदह नामों से हिन्दी की बगिया को सींचते थे। वे इस प्रकार हैं-भुजंग भूषण भट्टाचार्य, कवि किंकर, सुकवि किंकर, कुंज, कमल किशोर त्रिपाठी, श्री कंठ पाठक एम ए, चंद्रपाणि शर्मा, निपुण नारायण शर्मा, पुराणपाठी, परमेश्वर शर्मा,



**करनाल।** जानकारी देत हुए प्राचार्य डा. रामपाल सैनी। *फोटो :हरिभूमि*

द्विरेफ, कल्लू अल्हइत ,विपन्न इनका उल्लेख सरस्वती में प्रकाशित है। आचार्य द्विवेदी ने अयोध्या का विलाप एक कविता लिखी जो 123 वर्ष पहले 1900 ई में सुदर्शन पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। कविता की पंक्ति- हे राम! हे कुश! रघो! रविवंशदीप, दुष्यंत! भव्यभरतादि महामहीप।। नाना विपत्ति सहि, हाय! महादुखारी, नामाबशे अब होति पुरी तिहारी।। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने 19 छंदों में प्रस्तुत यह कविता वास्तव में कवि का मर्मान्तक अन्तर्विलाप है। इसमें कवि भगवान राम -सीता के कष्टों को देखकर कवि विरह में डूब जाता है। कवि अयोध्या नगरी का विलाप करते - करते सांसारिक यात्रा पूरी कर गया। हिन्दी प्रेमी लेखक व विद्वान डा मुकेश कुमार ने कहा कि अब वह समय आ गया है जब 22 जनवरी, 2024 को रामलल्ला जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या नगरी आज चमक उठी है। यह रचना ऐतिहासिक है और कर्म की दृष्टि से निश्चित ही धरोहर स्वरूप है।

### अध्यापकों ने प्राइमरी के लिए जापानी शिक्षा तकनीक हासिल की

# शिक्षा के पारंपरिक तरीके से आगे बढ़ें अध्यापक : पन्नू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** अध्यापकों को जापानी शिक्षा तकनीक के बारे में जागरूक करती जापानी टीचर्स एवं जानकारी देते हुए निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु। *फोटो : हरिभूमि*

करनाल के विभिन्न स्कूलों के 36 अध्यापक अध्यापिकाओं ने आज जापान में प्राइमरी व प्रीप्राइमरी कक्षाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस जापानी शिक्षा तकनीक के प्रदर्शन को देखा और मुक्त कंठ से इसकी सराहना की। सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा जापानी शिक्षा तकनीक पर आयोजित दो दिवसीय पैनल थियेटर कार्यशाला के लिए करनाल पहुँचे जापानी दल ने कार्यशाला के उद्घाटन स्तर में संगीत ध्वनि के साथ इस तकनीक का प्रदर्शन किया। गोल्डन मोमेंट्स के प्रबंध निदेशक व समाज सेवी सुनील बिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीप शिखा जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उनके साथ सभी जापानी अतिथियों, निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, शिक्षा विद् जसवंत रेडू, निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा व महिला विंग की सचिव डॉ भारती भारद्वाज ने भी दीप प्रज्वलन में भाग लिया। मुख्य अतिथि सुनील बिंदल ने कहा जापान से आये सभी टीचर व कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागी अध्यापकों को गुरु की संज्ञा दी व कबीर जी के दोहे के माध्यम से उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक व निफा के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम शिक्षा के पारंपरिक तरीक़े से आगे बढ़ कर इस प्रकार की तकनीक की जानकारी अपने अध्यापकों को दें। उन्होंने कहा कि पैनल थियेटर शिक्षा तकनीक स्मार्ट क्लास के कॉन्सेप्ट से कहीं बेहतर है क्योंकि जहां स्मार्ट क्लास केवल एक तरफा संवाद है वहीं इसमें विद्यार्थी व अध्यापक के बीच आपसी संवाद का समन्वय है और यह पद्धति रटने वाला तोता न बनाकर बच्चों को मज़े लेते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करती है। जापानी दल की संयोजक इतिसुकों फ़ूजीमोतो नंदी ने बताया कि इस जापानी शिक्षा तकनीक की शुरुआत एक बौद्ध साधु द्वारा की गई थी। जापान के साथ साथ अन्य देशों में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जापान के शीगाकिन यूनिवर्सिटी की प्रोफ़ेसर मसायो तानाका ने मुख्य ट्रेनर के रूप में किसी भी विषय को कहानी के रूप में बदलने, उस कहानी को बोर्ड पर प्रदर्शित करन, पी पेपर को काट कर कहानी के पात्र बनाने, उन्हें रंग करने व उनका प्रदर्शन करने की विधि से अवगत किया।

## खबर संक्षेप

### जआसो का रक्तदान शिविर आज

**पानीपत।** जन आवाज सोसाइटी के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद जोगिंद्र स्वामी ने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले साहिबजादों की याद में रेडक्रास सोसाइटी में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से साहिबजादों की याद में रक्तदान करने की अपील की।

### युवा ग्राम पंचायत खेल हुए

**पानीपत।** एससीईआरटी के निर्देशन पर डाइट पानीपत द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव नौल्था में युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाइट पानीपत से डीआरवी विंग इंचार्ज जयदीप जागलान, प्राचार्य बीना खन्ना, राजेश कुमार, सांझी सभा अध्यक्ष व अध्यापक राजेश कुमार, संगीत कुमार, डिंपल, रीना, प्रवीन, रितु व सुनील कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मोदी पर जनता का विश्वास बढ़ा

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा वह मिशन है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है इसमें हर व्यक्ति के लिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का खजाना है। अधिकारी लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने को लेकर लगातार उनके सहयोगी साबित हो रहे हैं। कार्यक्रमों में उमड़ा जन सैलाब संकेत देता है कि प्रदेश में बदलाव आया है। यह बात ब्लॉक समिति के चेयरमैन हरपाल मलिक ने अहर व खलीला माजरा में जन संवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को कार्यक्रम संबोधित करते हुए कही।

### दिग्विजय चौटाला आज पानीपत में

**पानीपत।** जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला पानीपत के प्रोग्राम को लेकर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर पार्टी नेताओ की डयूटी लगाई गई। बैठक में जिला प्रधान सुरेंद्र धौला, राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान, हल्का प्रधान बलराज रूहल, इनसो नेता बलराज देशवाल, इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार, संदीप गुर्जर आदि मौजूद थे। चौटाला रविवार को पानीपत में जजपा के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### यूपी के मंत्री संजय का स्वागत किया

**पानीपत।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद कश्यप का पानीपत टोल प्लाजा में पहुंचने पर समाजसेवी आरडी कल्याण की अध्यक्षता में सैकड़ो लोगों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत कर बुका भेंट किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनाथ तंवर कश्यप, धर्मवीर कश्यप, राजेंद्र कश्यप, इंद्र सिंह कश्यप, देवी लाल कश्यप, विक्की कश्यप, अशोक कश्यप, राजवीर कश्यप, बजिंदर कश्यप, विनोद कश्यप, प्रवीण कश्यप, नरेश कश्यप, कलीराम कश्यप व पालेराम कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जनता को मिला योजनाओं का लाभ

**पानीपत।** भाजपा नेता भूषण नंबरदार ने शुक्रवार को गांव कारकोली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि संकल्प विकसित यात्रा के तहत पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के तहत सरकारी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास किया जाता है।

### महिला पुलिस कर्मी ने ग्रामीण को पीटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में अपने साले की बरसी पर आए 58 वर्षीय बलवान निवासी गांव बलाना, जिला पानीपत के साथ महिला पुलिस कर्मचारी और उसके साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं पीडित बलवान ने बताया कि 11 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे वह अपने साले धर्मबीर की बरसी पर गांव सिवाह स्थित अपनी ससुराल आया था। यहां खाना खाने के बाद वह रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था।

इंसान को गीता में बताए गए मार्ग पर चलने की और उनसे शिक्षा लेने की जरूरत

# गीता की शिक्षा अपनाने से मिलते हैं ज्ञान, सुख, समृद्धि: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत पानीपत का जिला स्तरीय दो दिवसीय गीता महोत्सव का शुक्रवार को प्रातः यज्ञ के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा एवं विभिन्न अधिकारियों के साथ यज्ञ में आहुति डाली। हरपाल ढांडा ने कहा कि गीता हमें कर्म करना सिखाती है। इंसान अच्छा काम करेगा तो उसे फल भी अच्छा ही मिलेगा। आज इंसान को गीता में बताए गए मार्ग पर चलने की और उनसे शिक्षा लेने की जरूरत है जो गीता के संदेश पर अपना जीवनयापन करता है वो हमेशा सफल होता है। आज सम्पूर्ण हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत व पूरे विश्व में किसी न किसी रूप से गीता महोत्सव मनाया रहे है। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु होगा। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा अच्छा आयोजन किए जाने पर उनकी प्रशंसा भी की। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, एमडी शुगर मिल जगदीप, डीईओ कुलदीप दहिया सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**पानीपत।** श्री गीता महोत्सव में यज्ञ करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि




**पानीपत।** पानीपत जेल परिसर में गीता महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए कलाकारगण। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा

इससे पूर्व जीओ गीता की टीम के सदस्यों ने अनिल मदान के नेतृत्व में गीता पाठ करवाया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्यातिथि भाजपा जिलाअध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जमीन पर बैठकर गीता पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक देवी दयाल, पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, डीएसपी गीता रानी, डीएसपी दीपक हुड्डा, जिला स्काउट्स के अध्यक्ष गुलाब पांचाल, जीओ गीता संस्था से जुड़े रविन्द्र सैनी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### गीता पाठ से गुंजा पानीपत जेल परिसर

- जेल के बंदियों को दिलाई सकारात्मक सोच को आगे बढ़ने की शपथ

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत पानीपत के जिलास्तरीय समारोह के कार्यक्रमों की श्रंखला में जिला जेल में गीता पाठ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में बंद बंदियों ने ना केवल भक्तिभाव से गीता पाठ किया बल्कि उन्हें कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंची भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने सकारात्मक सोच के साथ लोगों का जीवन में आगे बढने की शपथ दिलाई। गीता पाठ कार्यक्रम में उपस्थित जेल बंदियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ ही आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जेल में आया कोई बंदी किसी छोटी गलती के कारण बंद होगा, कुछ लोग किसी बड़ी गलती के कारण यहां बंद होंगे, हमें सदविचारों के साथ ही जीवन की दिशा बनानी चाहिए। जितने हमारे विचार अच्छे होंगे उतना ही हमारा जीवन भी अच्छा होगा। उन्होंने बंदियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम आज से प्रण लें कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे और जितना हो सकेगा हम समाज के लिए अच्छा करेंगे।

### गीता महोत्सव पर आर्य कॉलेज में भव्य सांस्कृतिक संध्या हुई



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में गीता महोत्सव पर भजन सुनाते हुए विद्यार्थीगण। फोटो: हरिभूमि

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत पानीपत के जिलास्तरीय समारोह के कार्यक्रमों की श्रंखला में स्थानीय आर्य कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों की पार्टियों ने हरियाणवीं संस्कृति और श्रीमद् भागवत गीता पर केंद्रित प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या में एक तरफ जहां राधा कृष्ण की प्रस्तुतियां देकर कलाकारों ने मन मोहा वहीं नारद लीला की प्रस्तुति ने भी समा बांध दिया। रामअवतार एण्ड पार्टी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय कर दिया। इसके पश्चात कृष्ण सुदामा की प्रस्तुति से भक्त और भगवान के बीच का प्रेम और अधिकार का सम्बंध कार्यक्रम में चार चांद लगा गया। इससे पूर्व विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बहुआयामी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही बटौरी। इन प्रस्तुतियों में कई प्रदेशों की वेशभूषा की झलक देखने को मिली।

### गीता के सार के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धयों से युक्त प्रदर्शनी शुरू



**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय गीता महोत्सव पर आर्य कालेज के प्रांगण में लगाई गई प्रदर्शनी को पहले दिन हजारों लोगों ने देखा और विस्तार से जानकारी ली। गीता के सार के साथ-साथ यह प्रदर्शनी हरियाणा व केन्द्र सरकार की उपलब्धयों को समेटे हुए है। पानीपत प्रशासन के कुशल नेतृत्व में आयोजित गीता महोत्सव में पहले दिन हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। दर्शकों ने ना केवल प्रदर्शनी का अवलोकन किया बल्कि प्रदर्शनी में लगाए गए पटों पर लिखित जानकारी को गहराई से जाना भी और सराहा भी। वहीं पंडाल परिसर में बनाए गए स्टॉल विभिन्न विभागों को अलॉट किए गए हैं। जिन पर बैठे कर्मचारी व अधिकारी लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। कई अन्य सामाजिक संगठनों के स्टॉल भी लगे हैं जो सामाजिक और अध्यात्मिक जानकारियों लोगों को दे रहे हैं।



### मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

**पानीपत।** संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा से विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित किए जाने के विरोध में पानीपत में कांग्रेसियों ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। शुक्रवार को कांग्रेसी, कांग्रेस भवन के सामन एलिवेटेड हाईवे के नीचे एकत्र हुए और यहां केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना दिया। वहीं, कांग्रेसी नेता भीम सेन मेहता, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू, कंवल सिंह छोक्कर, धर्मवीर मलिक, महेंद्र कादियान, शशि लूथरा आदि ने एक स्वर में मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा तानाशाही हो गई है।

## सुविधाओं के लिए तरस रहे लोग

- रोजगार के नाम पर युवाओं को इजरायल-हमास युद्ध में झौंकने की तैयारी: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा के आठवें दिन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने मतलौडा के बस स्टैंड से लेकर मैन बाजार में बदलाव यात्रा निकली और जनता को संबोधित किया। इस मौके पर राम शरण, अमित, दलविंदर चीमा, वीरेंद्र आर्या, राकेश चुग, सुमेर समेत अन्य कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने हरियाणा के 57 साल के इतिहास में सभी पार्टियों को मौका देकर देख लिया, लेकिन मिला कुछ नहीं। आजादी के 76 साल बाद भी क्षेत्र के लोग भूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां के लोगों को न बिजली, न पानी और न शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधि सुविधाएं मिल रही हैं। आज भी मतलौडा के लोगों को छोटे से काम के लिए भी पानीपत का रुख करना पड़ता है। यदि किसी को थोड़ी सी चोट भी लग जाए तो उसको इलाज के लिए पानीपत जाना पड़ता है। इसराना विधानसभा और गांव मतलौडा की जनता भाजपा और कांग्रेस नेताओं की आपसी खींचतान के बीच पीस कर रह गई है। दावा किया कि जनता का भला सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है।

रोजगार के नाम पर हरियाणा के दस हजार युवाओं को इजराइल भेज कर युद्ध में झौंका जाएगा।



**पानीपत।** इसराना हलके में आप की यात्रा में भाग लेते अनुराग ढांडा आदि।

## बिजली उत्पादन निगम के खेल पानीपत थर्मल में होगे

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हरियाणा पावर जनरेशन कोरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) की 5वीं तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट 25 दिसंबर को स्पोर्टस काम्पलेक्स, थर्मल कालोनी पानीपत में शुरू होगी। इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एचपीजीसीएल के चेयरमैन पीके दास द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी पानीपत थर्मल के मुख्य अभियंता मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को स्पोर्टस मीट को लेकर आयोजित बैठक में दी। चीफ इंजीनियर मनोज अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन 27 दिसंबर को होगा और अवार्ड सेरेमनी में एचपीजीसीएल के एमडी मोहम्मद शाइन विजेता टीमों को ट्राफी व ईनाम देकर पुरस्कृत करेंगे। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता को लेकर अधीक्षक अभियंता सूरजभान को आल ओवर इंचार्ज बनाया गया है। उनके साथ करीब 30 सीनियर अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। इस प्रतियोगिता में फूटबाल, वालीबाल, किक्रेट, टेबल टेनिस, लांग जंप व रेस आदि प्रतियोगिताओं में एचपीजीसीएल के पानीपत, खेदड़ (हिसार), यमुनानगर व पंचकूला स्टेशन के करीब 300 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## धनखड़ के समर्थन में आई अंतरराष्ट्रीय जाट संसद

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश संयोजक डा. नवीन नैन भालसी ने प्रदेश कार्यालय पर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारियों के साथ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान को ठेस पहुंचाने के विरोध में समर्थन दिया। डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ देश के गौरव हैं और किसान और जाट बिरादरी के मुखिया हैं। लोकतंत्र की अवधारणा में असहमति का प्रावधान है, अपमान का नहीं। व्यक्ति की परवरिश उसके नैतिक चरित्र और लोक व्यवहार को दशार्ती हैं। भारतीय समाज व भारतीय संस्कृति बुजुर्गों के सम्मान के लिए जानी जाती है, अपमान के लिए नहीं। विरोध के तरीकें के चयन से व्यक्ति या संस्था के चरित्र, योजना और उसके भविष्य की सम्भावनाओं का पता चलता है। डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सासंद कल्याण बनर्जी ने जिस तरह किसान के बेटे देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया है, इतिहास में वह क्षण एक काले धब्बे के तौर पर जाना जाएगा। हम इस घटना की कठोर निंदा करते हैं। इस अवसर पर हरि सिंह रूहल, महाबीर सिंह दुहन, सुभाष, दीपक, प्रवीन दलाल, सुभाष सिंह, केदार सिंह जागलान, धर्मबीर पहल, विजय सिंह कटवाल, धर्मपाल सिंह, मांगे राम राठी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश संयोजक डा. नवीन नैन भालसी बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## अपराधियों से सख्ती से निपेटगी पुलिस : अजीत

- पुलिस कप्तान ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, अपराधियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने क्राइम कंट्रोल के संबंध में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौकी इंचार्जों के साथ शुक्रवार को जिला सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी में एएसपी मयंक मिश्रा, उप-पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार व जिले के सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौंकी इंचार्ज उपस्थित रहें। वहीं एसपी शेखावत ने पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर द्वारा गत दिनों मीटिंग कर दिए गए दिशा निर्देशों बारे मौजूद पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौकी इंचार्ज को बारिक से अवगत करवा निर्देशों पर अमल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें एवं तय सीमा में जांच पूरी कर उसका माननीय न्यायालय में चालान पेश करें। क्षेत्र में विशेष तौर से पेट्रोलिग व गश्त बढ़ा कर लूट व चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए।



**पानीपत।** पुलिस कप्तान अपनी टीम के साथ बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### महिला विरूद्ध अपराधों को गंभीरता से लें

एसपी शेखावत ने कहा कि महिला विरूद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्रवाई करते हुए हॉट स्पॉट स्थानों को चिन्हित कर वहा पर गश्त व पेट्रोलिग बढाकर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। उल्लंघना करने वालों के खिलाफ निवारक कार्रवाई अमल में लाई जाए। आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाए। सभी प्रबंधक थाना/चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करें, संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चौकिंग करें एवं पीओ, बेल जम्पर को काबू करें। जिस स्थान पर बार-बार चोरी या लूट की घटनाएं हो रही है, स्पेशल डयूटिंया लगाकर अपराध पर रोक लगाए।

पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस संपन्न

## एआई की मदद से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

- एआइसीटीई के एडवाइजर ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) में एडवाइजर डॉ.रवींद्र सोनी ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की रिसर्च में 2015 में भारत का 81वां स्थान था। वहीं, भारतीयों ने अपने हुनर से लंबी छलांग लगाते हुए 40वां स्थान हासिल कर लिया है। विकसित भारत के लक्ष्य को हम 2047 से पहले ही हासिल कर सकते हैं। डॉ.रवींद्र सोनी यहां पाइट कॉलेज में एआइसीटीई की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति की मदद से इंजीनियरिंग के साथ-साथ अलग विषय भी ले सकते हैं। इससे आप दबाव में नहीं रहेंगे। शिक्षा नीति से भारत का विकास तेजी से होगी। एनआइटी कुरुक्षेत्र से ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि एक साल के अंदर भारत में एआइ पर एक लाख पब्लिकेशन हुए हैं। भारत में भी ऐसे एआइ टूल बन सकते हैं जो नई राह दिखाएंगे। आने वाली पीढ़ी हमें प्रकाश दिखाने का काम करेगी। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से विशेष अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि अगर आपकी लर्निंग अच्छी है तो मशीन की लर्निंग अच्छी होगी। आप ज्यादा पढ़ें, रिसर्च करें तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कनाडा के एलबर्टा से प्रोफेसर रंगाराज ने ऑनलाइन शामिल होकर हेल्थ केयर पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में बेहद तरक्की होगी। मशीन लर्निंग की मदद से बीमारियों को एडवांस में पता कर लिया जाएगा। कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एवं मैथेमेटिकल एप्लीकेशंस पर हुई इस कॉन्फ्रेंस में शोध प्रस्तुत किए।

बेस्ट पेपर को सर्टिपिफकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीटेक आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के विभाग अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, आरएंडडी विभाग की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी एवं सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।



**समालखा।** एआइसीटीई से एडवाइजर डॉ.रवींद्र सोनी को सम्मानित करते हुए पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल। फोटो: हरिभूमि



**पानीपत।** भारत विकास परिषद के पदाधिकारी आपस में चर्चा करते हुए।

## भारत विकास परिषद का क्षेत्रीय अधिवेशन भव्य होगा

**पानीपत।** भारत विकास परिषद की एक बैठक की हुई। जिसमें क्षेत्रीय सम्मेलन के क्षेत्रीय संयोजक शिवकुमार मित्तल व सह संयोजक दीपक जिन्दल ने बताया कि 24 दिसम्बर को उत्तर क्षेत्र-2 का क्षेत्रीय अधिवेशन सेवा साधना केन्द्र, समालखा में होना है। दिल्ली व हरियाणा के विभिन्न स्थानों के 3000 से अधिक भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता भाग लेंगें। बैठक में क्षेत्रीय सम्मेलन मीडिया प्रमुख सुरेश रावल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय भाटिया, उद्घाटनकर्ता श्याम राष्ट्रीय महामंत्री, भाविप होंगें। कार्यक्रम में मार्गदर्शन सुरेश जैन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री का प्राप्त होगा। गरिमामयी उपस्थिति विजय क्षेत्रीय कार्यवाह, पवन जिंदल प्रान्तीय संघचालक, विक्रांत खण्डेलवाल संगठन मंत्री की रहेगी। बैठक में सुनील चिन्दा, नरेश जैन, रीना रोज, आनन्द आर्य महेन्द्र खत्री, अंजली, रेनू व निशा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शहादत दिवस पर हुआ शब्द गायन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में पंजाबी और संगीत विभाग के द्वारा के उपलक्ष्य में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह,बाबा जोरावर सिंह , बाबा फतेह सिंह जी की लासानी शहादत को समर्पित शब्द गायन का आयोजन करवाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कविता उच्चारण , शब्द ध्यान , कथा वार्ता , बानी चर्चा इत्यादि में बढ़- चढ़कर भाग लिया। शहीद परिवार की शूरवीर गाथा से परिचित करवाया। संगीत विभाग से तरणबीर सिंह ने तबले पर शब्द गायन में संगत की

### हर्डल रेस का हुआ आयोजन

**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाते हुए देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राष्ट्रीय गणित दिवस पर विद्यालय में कक्षा छठी व आठवीं के छात्रों की हर्डल रेस का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को गणित के प्रश्न हल करते हुए आगे बढ़ना था। छात्रों ने गणित रेस में बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया। सीनियर कोऑर्डिनेटर भारती के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई।

### नर्सरी विंग ने मनाया क्रिसमिस डे

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग के प्रांगण में क्रिसमस सेलिब्रेशन किया गया। कार्यक्रम में कुछ बच्चे सांताक्लॉज व फैरी बनकर आए जो बहुत सुंदर लग रहे थे। नन्हे बच्चों ने स्कूल के प्रधानाचार्य को क्रिसमस ट्री भेंट करके उनका कार्यक्रम में स्वागत किया । बच्चों को बताया गया कि क्रिसमस ईसा मसीह के जन्मदिन की खुशी में मनाया जाता है। जहां नर्सरी के बच्चों ने जिंगल बेल सांग पर अपनी प्रस्तुति दी।

### प्रदेश सरकार ने किया जीना दूभर

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने हर किसी का जीना दूभर कर दिया। ऐसा कोई वर्ग नहीं जो सरकार की कुनीतियों से परेशान न हो। प्रदेश के अन्नदाता किसान की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, सरकार उसका जमकर शोषण और उत्पीडन करने में लगी है तो अब सरकार ने मार्केट फीस बढ़ाकर सब्जी-फल उत्पादकों और आढ़तियों का सुख-चैन छीन लिया है।

### एसडीओ ओपी बिश्नोई की बर्खास्तगी निंदनीय

**उचाना।** एचएसईबी वर्कर यूनियन उचाना की सब यूनिट कार्यकारिणी की मीटिंग बिजली बोर्ड के प्रांगण में सब-यूनिट प्रधान विकास की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग का संचालन सब-यूनिट सचिव कुलदीप ने किया। मुख्य रूप से यूनिट सचिव कर्मबीर कापड़ो एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

### शिवानिया स्कूल में मोटिवेशनल शिविर

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में शिक्षाविद एवं मोटिवेशनल आचार्य पवन पहुंचे। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को को स्मार्ट स्टडी एवं टॉपर के गुर बताए। टॉपर शब्द के विभिन्न वणार्ें के अर्थ को समझाते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया।

विधायक बोले, 5 हजार साल बाद भी देश के हर गली कूचे में वातावरण गीतामय हो गया

# गीता जयंती का रंगारंग आगाज, हरियाणवी वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने मचाया धमाल

### विधायक ने हवन यज्ञ में शामिल होकर पूजा में भी हिस्सेदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के रामबाग मैदान में शुक्रवार को जिला स्तरीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान भव्य प्रदर्शनी का रिबन काटकर उदघाटन किया गया। इससे पहले विधायक ने हवन यज्ञ में शामिल होकर पूजा-अर्चना में भी हिस्सेदारी की। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, नगराधीश विश्वजीत सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, सुंदर ढींगरा भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में 32 स्टालों पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ-साथ वीटा मिल्क प्लांट, संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टाल भी महोत्सव का आकर्षण केंद्र रहे। मंचीय कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा श्रीमदभगवद गीता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीता जयंती महोत्सव के प्रथम दिन भारी संख्या मे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ की बधाई देते हुए कहा कि लगभग 5000 साल के बाद गीता की इस पावन धरती पर दोबारा से हर जिले के अंदर, हर ब्लॉक के अंदर, हर गली के अंदर, गीतामय वातावरण हो रहा है। न केवल प्रदेश देश में बल्कि पूरे विश्व में गीता को जो मान्यता मिल रही है। भगवद गीता के जो श्लोक हैं उससे जीवन को जीने की जो प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने पूरे विश्व में 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एक साथ गीता पाठ का जो आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कलयुग में तनाव की परिस्थितियों में जीवन जीने में भगवत गीता का संदेश एवं श्लोक माध्यम बन रहा है। इसे जीवन में आत्मसात करके हम तनाव एवं बुरे कार्यों से दूर रहकर अपने जीवन को सफल कर सकते हैं।

उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर पहले दिन यहां पर जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कुरूक्षेत्र की धरती का अपना महत्व है। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव समारोह में प्रदर्शनी स्थल पर सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं के साथ-साथ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान की कहानी, अभिलेखो व तस्वीरों की जुबानी, असंख्य वीर जांबाजों के बलिदान के साथ-साथ संबंधित फ्लेक्स डिस्प्ले किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल पर लगाये गए पोषण आहार से सम्बन्धित व्यंजन व विभाग से जुड़ी महत्वकांक्षी योजना की जानकारी दी जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, डीआरसीएस, शिक्षा विभाग, एनआईसी, डीआईसी, रोजगार विभाग, डीपीएम एडीसी, ब्रहम कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, वन विभाग, जिला आयुर्वेदिक विभाग, जिला बाल कल्याण सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई।



अंबाला। गीता जयंती समारोह का शुभारंभ करते विधायक,

### गीता जयंती पर सेमीनार

नारायणगढ़। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सोहन लाल डीएवी शिक्षण महाविद्यालय में श्रीमद्भगवद्गीता की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम सी जया शारधा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए दीप शिखा प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. विवेक कोहली, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कौशिक व डॉ. नीलम लूथरा, डॉ1 नीरूपमा कोहली, डॉ. सुखबीर सिंह ने अपने वक्तव्य के माध्यम से श्रीमदभगवद गीता पर प्रकाश डाला। एसडीएम ने सेमिनार में उपस्थित प्रतिभागियों एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि गीता जीवन का सार है, मनुष्य रूपी जीवन मे जो भी व्यक्ति की समस्या है उसका समाधान गीता है, गीता जीवन जीने की कला है।





### कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

**अंबाला।** प्रदर्शनी स्थल पर हयिाणावी वाद्य यंत्रों से सुसज्जित पार्टियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। नगाड़ा, बीन व डेरू वादक ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों का स्वागत करते हुए अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। आमजन इन पार्टियों के साथ सेल्फी लेते हुए दिखे। उन्होंने भी उनके साथ नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। वहां पर उपस्थित स्कूली बच्चे भी नगाड़ा व बीन पार्टी की प्रस्तुति को देखकर काफी रोमांचित हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकार भजन गायक एवं सूफी गायन कुलबीर सिंह द्वारा गीता का सार व अन्य प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान सूफी गायक कुलबीर सिंह ने भगवान मुरली वाले, आ जाईए दोबारा, धरती पुकारती है, कल्याण हो हमारा, राधे-राधे बोल प्राणी राधे-राधे बोल की बेहतर प्रस्तुति दी गई। इसके साथ-साथ भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा चाटी चो मधाणी ले गया, सन्नी स्वराज द्वारा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित भजनों की बेहतर प्रस्तुति दी गई जिसमें सांवरिया आजा तू सांवरिया आजा, तेरे नाम से कन्हैया, धनश्याम तेरी बंसी पागल कर देती है, ऐरी सखी मंगल गाओ री व अन्य मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। इस दौरान बुधराम मट्टू की टीम में शामिल विद्यार्थियों व अन्य कलाकारों द्वारा हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित क्लासीकल डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। शिक्षा विभाग द्वारा भी विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थियों ने जिनमें सोहन लाल गल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राधा-कृष्ण रासलीला (ग्रुप डांस), भारती पब्लिक स्कूल अम्बाला कैंट के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण भजन चलो रे मन वृद्धांवन के साथ-साथ अन्य स्कूलों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सरकार की मातृ मृत्यु दर रिपोर्ट चौकाने वाली, देश में 13वें नंबर पर पहुंचे

- विधायक ने विस सत्र में शून्यकाल के दौरान उठाया मुद्दा, सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

केंद्र सरकार की नवीनतम वर्ष 2018-20 की एमएमआर यानी मातृ मृत्यु दर की रिपोर्ट में प्रदेश के लिए बेहद चिंताजनक है। इसके आंकड़े शर्मसार करने वाले हैं। प्रदेश सरकार खुद को नंबर वन होने का ढिंढोरा पीटती है। पर पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे स्थिति बेहद खराब है। विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान सदन में यह मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट बताती है कि मातृ मृत्यु दर में हमारे राज्य की रैंकिंग लगातार कम होने की बजाए बढ़ रही है। हम पिछली बार दसवें नंबर पर थे। अबकी बार तेहरवें नंबर पर आ गए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार के समय में हरियाणा हमेशा पहले पांच राज्यों में था। ये आंकड़े बताते हैं कि एक लाख शिशुओं के जन्म पर / जन्म के दौरान प्रदेश में 110 माताओं की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-20 की ये रिपोर्ट की पहली पंक्ति बताती है कि किसी प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी - मातृ मृत्यु दर से आंकी जा सकती है।इस समय हमारी राष्ट्रीय औसत 97 है वहीं प्रदेश की 110 है। अन्य राज्यों की मातृ मृत्यु दर लगातार सुधर रही है लेकिन हरियाणा की हालत लगातार बिगड़ रहीं है।

## उपनिषद् और उपनिषदों का सार है श्रीमद्भगवद गीता

- कलयुग में युवा पीढ़ी गीता पाठ करके अपने जीवन में कर सकती है उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित श्री वृंदावन भक्तिधाम हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-9 शुक्रवार को में गीता जयंती महोत्सव डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता में बड़ी श्रद्धापूर्वक व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री अनंत प्रेममंदिर की परमाध्यक्षा सुश्री गीता देवी महाराज के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं श्रीमदभगवद गीता का पूजन करके हुआ। मंत्रोच्चरण पंडित तिलक राज शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान श्लोकोचारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दो वर्ष के बच्चों से लेकर अस्सी वर्ष के बुजुर्गों ने भाग लिया व संपूर्ण गीता में से एक-एक श्लोक का उच्चारण किया। स्वामी अनुभवानंद गिरी महाराज ने कहा कि वेदों का सार है उपनिषद्। उपनिषदों का सार है श्रीमदभगवदगीता। उन्होंने कहा कि गीता के एक श्लोक का पाठ करने मात्र से सभी शास्त्रों का पाठ करने का फल प्राप्त हो जाता है। श्रीमद्भगवदगीता में सारे शास्त्र समाए हुए हैं। स्वामी अनुभवानंद ने कहा कि गीता ग्रंथ की ही जयंती मनाई जाती है, अन्य ग्रंथों की नहीं। गीता साक्षात भगवान के श्रीमुख से प्रकट हुई है इसलिए सारे विश्व में गीता ग्रंथ ही सर्वश्रेष्ठ है। इस अवसर पर श्री अनंत प्रेममंदिर की परमाध्यक्षा सुश्री गीता देवी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निमित्त बनाकर हम सभी को श्रीमदभगवद् गीता का उपदेश दिया। उन्होंने डा. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने अथक प्रयासों से भगवद्गीता सामान्य से सामान्य लोगों को भी सिखा रहे हैं। कलयुग में युवा पीढ़ी गीता पाठ करके अपने जीवन में उन्नति कर सकती है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल भगवद्गीता को याद ही न करें अपितु उस पर अमल भी करें। जीवन में जो भी कर्म करें निष्काम भाव से करें। अपने सारे कार्य ईश्वर को समर्पित करते हुए सम्पन्न करें ताकि हम अंहकार से दूर रहें। जब उन्होंने भजन 'हमको है प्यारी हमारी यह गीता, श्रीमुख से गाई, मुरारी ये गीता' गाया तो सारा वातावरण भक्ति मय हो गया। इस अवसर पर शशि नंदरा, सुरेंद्र सूद, सुनीता मेहता, रघुवीर शर्मा एवं अशोक गर्ग को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। लगभग 80 बच्चों एवं भक्तों ने गीता के अनेक अध्यायों से स्मरण किए गए श्लोकों का उच्चारण किया।



अंबाला। गीता जयंती समारोह में मौजूद स्वामी अनुभवानंद महाराज व सुश्रीगीता देवी महाराज व मौजूद श्रद्धालु।

## भतीजी को अश्लील वीडियो दिखाने पर पांच साल का कारावास

- अदालत ने कहा यौन उत्पीड़न कर दोषी ने बच्चे का विश्वास भी तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किशोर भतीजी को अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़छाड़ करने वाले ताउ को स्पेशल कोर्ट ने 5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने का भुगतान न होने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है।

अदालत ने फैसले में कहा कि दोषी ने न केवल पीड़ित बच्चे का यौन उत्पीड़न किया है बल्कि बच्ची द्वारा उस पर किए गए विश्वास को भी तोड़ने का काम किया है। इसी आधार पर अदालत ने दोषी के कृत्य और आचरण की कड़े शब्दों में निंदा करने की बात कही। अदालत ने फैसले में कहा कि इसके जरिए समाज में कड़ा संदेश जाएगा। यदि परिवार का कोई भी सदस्य बच्चों पर कोई यौन हमला करेगा तो ऐसे दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### दोषी ने की थी नरमी बरतने की अपील

इससे पहले दोषी ने अपने वकील के जरिए अदालत से इस मामले में नरम रवैया अपनाने की गुहार लगाई थी। उसने कहा कि उसकी उम्र 51 साल है। उसका 17 साल का बेटा और 11 साल की बेटी है। पिता की पहले मौत हो चुकी है। 72 वर्षीय मां दिल की मरीज है। उसकी एक छोटी बहन अभी अविवाहित है। ड्राइवर की प्राइवेट नौकरी कर वह परिवार का जीवन चला रहा है। उसने यह भी बताया कि उनके खिलाफ पहले किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। हालांकि अदालत ने जुर्म के दायरे में उसे बड़ी सजा सुनाई है।

### ताउ शरीर पर करता है बैड टच

27 अप्रैल 2022 को थाना बलदेव नगर में यह केस दर्ज हुआ था। तब किशोरी की नानी ने पुलिस को शिकायत दी थी। किशोरी ने मजिस्ट्रेट को दर्ज कराए बयान में बताया था कि उसका ताऊ उसके शरीर पर बैड टच करता है। उसे गंदी वीडियो दिखाता है। 6 मार्च को उसके ताउ ने उससे जबरदस्ती चूमने का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई थी। नानी ने शिकायत में कहा कि उसने अपनी बेटी का विवाह पंकज के साथ साल 2006 में किया था। उसने एक बेटी को जन्म दिया था। साल 2008 में उसकी बेटी की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उसने अपनी दोहती को अपने पास रख लिया था। साल 2013 में उसने अपनी दूसरी बेटी का विवाह अपने दामाद पंकज से कर दिया था। पंकज व उसकी बेटी चाहते थे कि अब उसकी दोहती उनके साथ रहे। उसकी दोहती अपने पिता के साथ रहने लगी, लेकिन दामाद का बड़ा भाई उसकी दोहती पर बुरी नजर रखता था जो उसे गलत वीडियो दिखाता था। गलत काम करने के लिए उकसाता था। नानी ने बताया कि उसकी दोहती ने अपने ताउ की सारी हरकतों के बारे में उसे बताया था। ताउ ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। 5 अप्रैल को उसकी दोहती उनके पास जगाधरी आई थी लेकिन उसने वापस जाने से इनकार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा पर कार्यकर्ताओं ने की फूलों की वर्षा, विज ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद अंबाला छावनी पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी नड्डा का देर रात गृह मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के यहां पहुंचते ही जेपी नड्डा जिंदाबाद" के नारों से कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हुआ। गृहमंत्री अनिल विज ने अध्यक्ष जेपी नड्डा को फूलों के गुलदस्ते एवं शॉल भेंट करते हुए छावनी आगमन पर स्वागत किया तथा भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत की हार्दिक बधाई दी। नड्डा ने गृह मंत्री अनिल विज से गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए अभिवादन स्वीकार किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में जोरदार पुष्प वर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में पहुंचे थे। वहां से कार्यक्रमों के उपरांत सड़क मार्ग से छावनी एसडीएम कार्यालय के निकट प्रवेश द्वार पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत वह अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे।



अंबाला। पहुंचने से पहले कार्यकर्ता देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

### गणित दिवस पर आयोजित हुई प्रश्नोतरी प्रतियोगिता

**बराड़ा।** जय पब्लिक स्कूल गुरूकुल में गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित दिवस 22 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. नीलम जैन की अध्यक्षता मे हुई। इसका मुख्य उद्देश्य गणित का विभिन्न गतिविधियो मे उपयोग करने के लिए बच्चों को प्रेरित करना है।कक्षा 3-5 तक के बच्चो को गणित से संबंधित फिल्म दिखाई गई। कक्षा 6-8 तक के बच्चो के लिए पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। कक्षा 9-12 तक के विद्यार्थियो के लिए गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

दो घंटे तक प्रशासन व मिल प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

# गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर बिफरे किसान

- एसडीएम के आश्वासन पर हुआ मामला शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शुगर मिल के बाहर धरना दे रहे किसान शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए। गन्ने का भुगतान न होने की वजह से किसानों ने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान एसडीएम से दो दौर की बातचीत हुई। एसडीएम ने हा कि पिछले साल का किसानों का 17 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान लंबित है। इस सीजन में अभी तक किसानों का 42.53 करोड़ का गन्ना शुगर मिल में आया है।उन्होंने कहा कि पीछे से 3 करोड़ 80 लाख रुपए बिजली की पेमेंट अटकी हुई है, जिसकी वजह से किसानों को पेमेंट जारी करने में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनवरी 2024 तक गन्ने की 17 करोड़ 7 लाख रुपए पेमेंट जारी होने की संभावना है। इसके बाद ही किसान जाम खोलने को राजी हुए। गन्ने की बकाया पेमेंट जारी न होने से किसानों ने भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट की अगुवाई में शहजादपुर-नारायणगढ़ रोड जाम कर दिया था। इसकी वजह से रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। किसान भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान मलकीत सिंह की अगुवाई में सुबह 10 बजे से शुगर मिल के बाहर धरना दे रहे थे। इस दौरान एसडीएम जया शारदा और शुगर मिल प्रशासन से किसी बात को लेकर सहमति नहीं बनी तो किसान भड़क गए और शहजादपुर-नारायणगढ़ रोड जाम कर दिया था। किसानों का कहना है कि शजादपुर जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भी किसानों ने गन्ने की बकाया पेमेंट का मुद्दा सीएम मनोहर लाल के समक्ष उठाया था। उस दौरान सीएम ने साढ़े 8 करोड़ रुपए जारी करने का आश्वासन किसानों को दिया था। किसानों को 4.90 करोड़ पेमेंट जारी की गई है लेकिन अब बकाया साढ़े 3 करोड़ पेमेंट जारी करने से प्रशासन हाथ खड़े कर गया है। जिला प्रधान ने बताया कि शुगर मिल की तरफ 32 करोड़ पेमेंट थी इनमें से 14 करोड़ रुपए अटका हुआ था।



नारायणगढ़। किसानों से बातचीत करती एसडीएम व मुख्य सड़क पर जाम लगाए बैठे किसान।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में फिर सुनाई देगी अभिवंदन के तबले की थाप

**कुरुक्षेत्र।** संगीत और कला प्रेमियों के लिए अभिवंदन विज अब एक परिचित नाम बन चुका है, अपनी उंगलियों से सुर लहरियों को छेड़ने वाले अभिवंदन विख्यात तबला वादक है। जिस उम्र में बच्चे अपने माता-पिता की उगंली थामे कदमों को साधना सीखते हैं, उस उम्र में अभिवंदन की संगीत साधना आरंभ हो गई थी। तीन वर्ष की आयु से अभिवंदन तबला सीख रहें हैं। दिल्ली के विकास पुरी इलाके में स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल के छात्र अभिवंदन की ख्याति आज देश-विदेश में फैल चुकी है। केवल पांच वर्ष की आयु में अभिवंदन आकाशवाणी ही नहीं दूरदर्शन तक में अपनी प्रस्तुति दे चुके थे। अभिवंदन लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए अब तक ताज महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव, राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव, बीबीसी हिंदी, बीबीसी पंजाबी, हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में अपना जलवा बिखेर चुके हैं। इसके साथ अभिवंदन अनेक सरकारी तथा निजी टीवी, रेडियो एफएम चैनलों पर भी अपना हुनर दिखा चुके है।